मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी
مولانا آزاد نیشنل اردو یونیورسٹی
MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
*A Central University, Ministry of Education, Govt. of India*
GACHIBOWLI, HYDERABAD-500032 (India), Phone: +91-040-23006612-15, manuu.edu.in


COLLEGE OF TEACHER EDUCATION, BHOPAL

کالج آف ٹیچر ایجوکیشن، بھوپال

## <u>रिपोर्ट</u>

# हिंदी पखवाड़ा

**(10-14 सितंबर 2025)**



## हिंदी पखवाडे  पर मानू सी. टी. ई. भोपाल

14 सितंबर 2025 को हमारे महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर बड़े उत्साह और गरिमा के साथ हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के अंतर्गत विविध भाषा-संबंधी गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जिनका प्रमुख उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करना तथा इसके प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करना था।

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اردو یونیورسٹی
MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
A Central University under Ministry of Education
Government of India

MANUU CAMPUS, BHOPAL مانو کیمپس بھوپال

*Prof. Noushad Husain*
*Professor and Principal*

Ref. No.: MANUU/CTE/BPL/2025/ F.21/33 | Date: 09-09-2025

सूचना

सभी विदयार्थियों को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि महाविदयालय में हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक विदयार्थी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु नीचे दिए गए प्रोग्राम प्रभारी के पास अपने नाम कल दिनॉंक 9 सितंबर 2025 तक दर्ज करवाएं। प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है।

1. निबंध प्रतियोगिता: दिनॉंक 10 सितंबर 2025
(निबंध का विषय: राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका)

2. श्रुत लेखन प्रतियोगिता: दिनॉंक 11 सितम्बर 2025

3. भाषण प्रतियोगिता: दिनॉंक 12 सितम्बर 2025
(भाषण का विषय: सोशल मीडिया पर हिंदी का प्रभाव)

स्थान : मल्टी परपज़ हॉल, मानू . सी.टी.ई. भोपाल।
समय: दोपहर 3.00 बजे से 4.00 बजे तक

प्रोग्राम प्रभारी:
डॉ० प्रवीनी पंडागले, श्री मोहम्मद फैसल

समन्वयक : डॉ० तलमीज़ फातमा नक़वी
सह-समन्वयक: डॉ० शबाना अशरफ

नोट: प्रतियोगिता में प्रथम, दवितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

09.09.2025
प्राचार्य


# Shanti Nagar, Behind Holy Family School, Near Prakash Vidhayalaya, Pipalner, Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) Pin 462036#
Phone: 0755-2744515 : Email: ctebpl@gmail.com, Principal.cte.bhopal@manuu.edu.in
College URL: www.manuucoe.in/cte/bhopal, University Website-www.manuu.edu.in

हिंदी पखवाड़े का आयोजन 10 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक किया गया। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर नौशाद हुसैन के प्रेरणादायी उद्घाटन भाषण से हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने हिंदी भाषा के ऐतिहासिक महत्व, साहित्यिक समृद्धि तथा राजभाषा के रूप में इसकी गरिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित करते हुए इसे हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम बताया।

इस से प्रेरित होकर हिंदी पखवाड़ा में विद्यार्थियों ने सभी भाषा प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं भाषा सृजनशीलता और सांस्कृतिक गौरव को अभिव्यक्त कर हिंदी के महत्व को उजागर किया ।

कार्यक्रम का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है-

भाषाई गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 10 सितंबर 2025 को निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय "राष्ट्र निर्माण में हिन्दी की भूमिका" था । इस प्रतियोगिता के विजेता मो. अरमान, प्रथम क्रमांक, बी.एड. तृतीय सेमेस्टर, मो. ताबिश जमाल, द्वितीय क्रमांक, बी.एड.प्रथम सेमेस्टर, वासिया परवीन , तृतीय क्रमांक, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर से रहे । निबंध प्रतियोगिता में निर्णायिका डॉ. नीति दत्ता थी।









दिनांक 11 सितंबर 2025 को श्रुत लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी, इसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने भाषाई कला का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम क्रमांक पर नूर शमा, बी.एड. तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय क्रमांक पर मो. नफ़ीस फरीदी, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय क्रमांक पर अब्दुल वाजीद, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर इन्होंने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता की निर्णायिका डॉ. प्रविनी पंडागले एवं मोहम्मद फैसल थे ।

दिनांक 12 सितंबर 2024 को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय "सोशल मीडिया पर हिंदी का प्रभाव " था। इसमें प्रथम स्थान रुस्तम अली, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान मोहम्मद सबील, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान सरफेनाज़, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर इन्होंने हासिल किया । इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण डॉ. तलमीज़ फातमा नक़वी, डॉ. जकी मुमताज एवं डॉ. मोहम्मद हसन थे।




सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी भाषाई योग्यता को निखारा। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान कमिटी के

सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रविनी पंडागले और श्री मोहम्मद फैसल थे। इस पखवाड़े में प्राचार्य प्रो. नौशाद हुसैन एवं कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. तलमीज़ फातिमा नकवी और सह-समन्वयक डॉ. शबाना अशरफ इनकी भूमिका प्रमुख रही, आप सभी ने समय-समय पर सहयोग एवं मार्गदर्शन देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **समन्वयक** | **सह-समन्वयक** | **संयोजक** | **प्राचार्य** |
| **डॉ. तलमीज़ फातिमा नकवी** | **डॉ. शबाना अशरफ** | **डॉ. प्रविनी पंडागले**<br>**श्री मोहम्मद फैसल** | **प्रो. नौशाद हुसैन** |